तापमान
अधिकतम 3.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार 13 मई 2026

10 एक करोड़ कैश के साथ तीन एके 47, तीन ...



11 ग्रामीणों के घर बैठे बन रहे जरूरी ...





## खबर संक्षेप

### कोरर मंडी में 18 मई से चार दिवसीय नाप-तौल शिविर

**धनेलीकन्हार।** विधिक माप विज्ञान नाप तौल विभाग द्वारा कोरर की मंडी में 18 मई से चार दिवसीय विशेष शिविर होगा। शिविर में कोरर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों जैसे तरान्दुल, बासकुंड, हाटकर्रा, डोमाहर्रा, भैराडीह, सुरेरी, कापसी, तेलावट, धनेलीकन्हार, मरकाटोला, कोदागांव, पोटगांव, बाबुदबेना, अंडी, केव्टीनटोला, तालाकुर्रा, सिलतरा, रानवाही, अस्तरा, मुगवाल, बोदेली, भानबैडा, डुमरकोट, हवरकोन्दल, भैसाकन्हार, बैजनपुरी, जामपारा, चिल्हारी, कुर्री, घोड़ादा, कोकानपुर, मावलीपारा और किशनपुरी सहित आसपास के सभी व्यापारी अपने कांटा-बाट का सत्यापन करवा सकेंगे। निरीक्षक विधिक माप विज्ञान अधिकारी अंजना बड़ा ने नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि जिन व्यापारियों ने पिछले वर्ष अपने मैन्युअल कांटा और बांट का सत्यापन करवाया था, उन्हें इस वर्ष पुनः सत्यापन की आवश्यकता नहीं है।

### घायल युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत बारवी निवासी 21 वर्षीय संजय दर्रो पिता पुरउ राम दर्रो का इलाज के दौरान 11 मई को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बीमारी से परेशान महिला ने की खुदकुशी

**कांकेर।** बांदे थाना क्षेत्र के ग्राम पीव्ही 82 विजय नगर कि महिला जो बीमारी से ग्रस्त होने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि 56 वर्षीय सरस्वती सरकार पति अनिल सरकार कैंसर की बीमारी ग्रसित थी। बीमारी से परेशान होकर उसने खेत की ओर कटहल पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### तारुण्य वार्ता अभियान का हुआ आगाज

**कांकेर।** सोमवार को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के अंतर्गत तारुण्य वार्ता हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर अभियान के साथ ही दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 11 मई को हुआ। रायपुर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्राप्त करने राज्य के सभी जिलों से तीन- तीन की संख्या में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त एवं लीडर्स जुटे हैं। जिले से इस कार्यक्रम में किरण सिंह ठाकुर, रंजीता नुचार्य, हर्ष डोंगरे कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन का संकल्प भी दिलाया।

# खोजी कुतों का रिफ्रेशर कोर्स, सक्रियता बढ़ाने की होगी कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में 33 वीं वाहिनी द्वारा महत्वपूर्ण पहल करते हुए सीओबी तलाबेड़ा में श्वान दलों के लिए एक माह की रिफ्रेशर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यवाहक कमांडेंट ने किया। प्रशिक्षण में 28 वीं एवं 33 वीं वाहिनी के प्रशिक्षित श्वानों और उनके हैंडलर्स को शामिल किया गया है।

कार्यवाहक कमांडेटे ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्वानों की कार्यकुशलता, सूंघने की क्षमता, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली तथा कठिन परिस्थितियों में कार्य करने की दक्षता को और अधिक विकसित करना है। अधिकारियों ने बताया कि आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों और सर्च ऑपरेशनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर इस प्रकार की रिफ्रेशर ट्रेनिंग आयोजित की जाती है, ताकि श्वान दल हर परिस्थिति में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में श्वानों को जंगल क्षेत्र, संवेदनशील इलाकों और आपात परिस्थितियों में खोज एवं सुरक्षा संबंधी विशेष अभ्यास कराया जाएगा। इसके अलावा विस्फोटक सामग्री की पहचान, संदिग्ध वस्तुओं की खोज, ट्रैकिंग तथा अनुशासन संबंधी गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान श्वानों को शारीरिक रूप से सक्रिय बनाए रखने के लिए नियमित दौड़, बाधा दौड़ तथा अन्य अभ्यास भी कराए जाएंगे।

## श्वानों की सूंघने की क्षमता एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली होगी विकसित

### श्वानों की भूमिका होती है अहम

कार्यवाहक कमांडेंट ने प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर कहा कि सुरक्षा बलों के लिए श्वान दल अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नक्सल प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन, ट्रैकिंग और सुरक्षा जांच के दौरान श्वानों की भूमिका काफी अहम होती है। ऐसे में उनकी दक्षता बनाए रखने के लिए नियमित प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है।




### प्रशिक्षण से क्षमता में आती है मजबूती

अधिकारियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से श्वानों की सूंघने की क्षमता में सुधार होने के साथ-साथ उनकी मानसिक सतर्कता और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई करने की क्षमता भी मजबूत होगी। कार्यक्रम के दौरान वाहिनी के वरिष्ठ अधिकारी, जवान एवं श्वान दल के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शुरू होने से जवानों में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला।

पुलिस का कथन — मामले की जांच जारी, अन्य धारा भी जुड़ सकती हैं

# संभागीय लेखापाल के घर में घुसकर पिटाई करने वाला ठेकेदार गिरफ्तार, थाने से मिल गई जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शासकीय अधिकारी के घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने वाले चर्चित ठेकेदार नवीन अग्रवाल को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों बाद आरोपी को थाने से जमानत भी मिल गई, जिससे पूरे मामले ने एक बार फिर प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है। सरकारी कर्मचारियों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश भी देखा जा रहा है।

■ अधिकारी कर्मचारियों ने उठाए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल, कड़ी कार्रवाई की माँग

जानकारी के अनुसार, मामला संभागीय लेखापाल के साथ हुई मारपीट से जुड़ा है। आरोप है कि ठेकेदार नवीन अग्रवाल अपने एक कर्मचारी के साथ 7 मई को भुगतान करवाने को लेकर लंच पर खाना खाने के लिए पहुँचे संभागीय लेखापाल के घर पहुँचे और वहां विवाद करते हुए अभद्रता शुरू कर दी। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि ठेकेदार ने दबंगई दिखाते हुए घर के बरामदे में जमकर एक तमाचा जड़ दिया और जबरजस्ती कार्यालय ले जाने लगे। घर के बाहर गली में एक लात भी जड़ दिया था। संभागीय लेखापाल इतना डर गया था कि एक दिन घर से बाहर नहीं निकल पाया। घटना के दूसरे दिन एफआईआर दर्ज कराने गया, परंतु दबंग ठेकेदार के अफसरों ने मामले को रफा दफा करने का प्रयास जमकर किया। मामला मीडिया में गरमाने लगा, तब तीसरे दिन ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

संभागीय लेखापाल के साथ विभागीय अमला पहुँचा थाने, दर्ज कराई एफआईआर

## अधिकारी से मारपीट की, आरोपी ठेकेदार पर भानुप्रतापपुर थाने में अंततः अपराध कायम


कर्मचारियों में भारी आक्रोश, कार्रवाई की माँग
काटकर रख दूंगा, विभाग में लगा दूंगा आग
जाँच पर मारी लात, अपमानित करने दी धमकी

**सख्त कार्रवाई की माँग :** घटना के बाद विभागीय कर्मचारियों ने हरिभूमि को काल करके सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि शासकीय कार्यों में बाधा डालने और अधिकारी के घर में घुसकर हमला करने जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति कानून हाथ में लेने की हिम्मत न कर सके। हमारी माँग है कि इस मामले की मारपीट का सीसीटीवी फुटैज है, जाँच के उपरांत मारपीट करने वाले ठेकेदार कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

**मामले में जांच जारी :** थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख का कहना है कि मामले की जांच जारी है और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है। यदि जांच में अन्य धारा लगाने की जरूरत पड़ेगी, उन धारा के तहत भी कार्रवाई की जाएगी, यह प्राथमिक कार्रवाई है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून के दायरे में रहकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तत्काल रिहा करने पर जाएगा गलत संदेश

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी से थाने में पूछताछ की गई। वहीं कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे थाने से ही जमानत दे दी गई। जैसे ही आरोपी को जमानत मिलने की खबर सामने आई, सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच नाराजगी बढ़ गई। कर्मचारियों का कहना है कि यदि सरकारी अधिकारियों के साथ इस तरह की घटनाएं होंगी और आरोपियों को तत्काल राहत मिल जाएगी, तो इससे गलत संदेश जाएगा।



## पंचायत जनप्रतिनिधियों से रूबरू हुए कलेक्टर, सड़क, स्कूल और स्वास्थ्य की सुनी समस्याएं



**कांकेर।** माओवाद प्रभावित और दूरस्थ क्षेत्र कोयलीबेड़ा अब विकास की नई राह पर तेजी से आगे बढ़ने को तैयार है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सोमवार को 18 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि माओवाद की समाप्ति के बाद अब क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। बैठक में सड़क, पुलिया, स्कूल, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के संकेत दिए गए।

■ 18 पंचायतों की मांगों की सूची तैयार करने सीईओ जनपद पंचायत को दिए निर्देश

कोयलीबेड़ा ब्लॉक मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने क्षेत्र की 18 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और जनप्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं की कमी से जुड़ी अनेक समस्याएं रखीं। ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा, सुलंगी, कडमे, झिरमतराई, तुरसानी, छोटेबोदली, पोरोंडी, केसेकोड़ी, उदनपुर, सिकसोड़, चारगांव, आलपरस, गुडाबेड़ा, कौड़ोसाल्हेभाट, दड़वी साल्हेभाट, पानीडोबीर ⏭ शेष पेज 10 पर

# 26 मिनट पहले मैसेज, फिर बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शहर में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। विभाग द्वारा झाड़ काटने और मेंटेनेंस कार्य का हवाला देकर बिजली कटौती की जा रही है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसकी सूचना उपभोक्ताओं को महज 26 मिनट पहले वाट्सएप ग्रुप में दी जाती है। इतने कम समय में लोग न तो कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर पाते हैं और न ही अपने जरूरी काम निपटा पाते हैं। ऐसी परिस्थिति 12 मई को सिविल लाइन फीडर में निर्मित हुई।

जानकारी के अनुसार 12 मई को विद्युत विभाग ने विद्युत विभाग कांकेर शहर के वाट्सएप ग्रुप में 3 बजकर 36 मिनट पर मोबाइल नंबर 99263 95583 से सिविल लाइन फीडर में आने वाले सभी मोहल्ले झाड़ कटिंग के लिए 4:00 से 5:00 के बीच में एक घंटा बंद रहेगा, का यह मैसेज पोस्ट किया जाता है। सिविल लाइन फीडर में आने वाले सभी मोहल्ले की विद्युत सप्लाई 4 बजे बाधित हो जाती है। विद्युत विभाग का नियम है कि मेंटेनेंस के नाम पर सप्लाई बंद करने के 24 घंटे पहले जानकारी देना है। इसके अलावा 12 मई को सुबह 8 बजकर 12 मिनट पर मोबाइल नंबर 80854 54334 से मैसेज पोस्ट होता है कि शिवनगर, बीटीआई, पीडब्लयूडी कॉलोनी, जज क्वार्टर, नरहरदेव स्कूल, डाइट के पास, संजय नगर लाईन 11 केवी गोविंदपुर फीडर में 63 केव्हीए एक्स मीटर चालू करना है एवं ट्री झाड़ कटिंग करेंगे लाईन सुबह 10 से दोपहर 1 तक बंद रहेगा। विद्युत विभाग के अनुसूची एक के (खंड 3.1, 4.2 एवं 6.1 के संदर्भ में) उल्लेखित है कि मेंटेनेंस के लिए विद्युत सप्लाई बाधित करने के लिए शहर में 24 ⏭ शेष पेज 10 पर




■ मेंटेनेंस के नाम पर जनता परेशान

## भीषण गर्मी के बीच खिल उठा गुलमोहर

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल क्षेत्र इन दिनों भीषण गर्मी के बीच गुलमोहर के आकर्षक फूलों से रंगीन और मनमोहक नजर आ रहा है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बावजूद सड़कों किनारे खिले लाल-नारंगी फूल लोगों को सुकून और आनंद का एहसास करा रहे हैं। क्षेत्र की मुख्य सड़कों, शासकीय परिसरों और ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में गुलमोहर के पेड़ फूलों से लदे दिखाई दे रहे हैं। फैली हुई शाखाएं और घनी हरियाली वातावरण की सुंदरता बढ़ाने के साथ राहगीरों को छांव भी प्रदान कर रही हैं। छात्र, राहगीर और स्थानीय नागरिक इन पेड़ों के नीचे रुककर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच प्रकृति की यह खूबसूरत छटा लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रही है।



# मेडिकल कॉलेज में प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मेडिकल कॉलेज एवं उससे जुड़े अस्पताल में दिनभर चले हाई वोल्टेज घटनाक्रम के बाद आखिरकार प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई। प्रशासन, श्रम विभाग और अस्पताल प्रबंधन की मौजूदगी में हुई महत्वपूर्ण बैठक के बाद कर्मचारियों ने काम पर लौटने का निर्णय लिया। पूरे घटनाक्रम ने जिले के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को प्रभावित कर दिया था, वहीं कर्मचारियों की एकजुटता और प्रशासनिक हस्तक्षेप से मामला फिलहाल शांत हो गया है।

■ प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद बनी सहमति



दरअसल, विवाद की शुरुआत तब हुई जब ठेकेदार के सुपरवाइजर द्वारा दो सफाई कर्मचारियों को रात करीब 12 बजे व्हाट्सएप संदेश भेजकर काम से निकाल दिया गया। इस कार्रवाई से नाराज कर्मचारियों ने बुधवार सुबह से कोमलदेव अस्पताल, अलबेलापारा स्थित मातृ-शिशु सदन और नंदनमारा मेडिकल कॉलेज में काम बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में कर्मचारी कांकेर थाना पहुंचे और ठेकेदार तथा सुपरवाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करने लगे। आंदोलनरत कर्मचारियों का आरोप था कि ठेका कंपनी द्वारा मेडिकल कॉलेज से सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन की पूरी राशि लेने के बावजूद कर्मचारियों को कम वेतन दिया जा रहा था। इतना ही नहीं, कर्मचारियों के खातों से वेतन की राशि वापस लेने, डराने-धमकाने और दुर्व्यवहार करने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए। थाने में ही तहसीलदार ने कर्मचारियों से बातचीत कर मामला शांत कराने की कोशिश की, लेकिन कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। बाद में कलेक्टर के हस्तक्षेप पर एसडीएम, श्रम पदाधिकारी, अस्पताल ⏭ शेष पेज 10 पर

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना ने कहा- हर चुनाव मिशन मोड में लड़ें

# उपचुनाव को लेकर भाजपा ने कमल सदन में चुनाव जीतने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। भाजपा जिला कार्यालय कमल सदन में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए जीत का मंत्र दिया। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता और चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक रणनीति बनाई गई।

आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी रंजना साहू ने कार्यकर्ताओं से हर चुनाव को मिशन मोड में लड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि गांव-गांव तक विकास की सोच को पहुंचाना है। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन ने किया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंच से पार्लियामेंट तक लोकतंत्र को मजबूत करने और विकास की धारा को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर के चुनाव भी पार्टी के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने विधानसभा और लोकसभा चुनाव। उन्होने कहा कि पंच, सरपंच और नगर पंचायत के पार्षद पदों के लिए होने वाले उपचुनाव में भाजपा को पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर पहुंचकर सरकार की योजनाओं और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उसकी मेहनत ही भाजपा को लगातार सफलता दिलाती है। जिला अध्यक्ष महेश जैन ने भी संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और अनुशासन व समर्पण ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी मंडल प्रभारियों और पदाधिकारियों को चुनावी जिम्मेदारियां सौंपते हुए सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए।



### ये रहे उपस्थित

आयोजित बैठक में भाजपा के जिला महामंत्री राजा पांडे, अंतागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, पखांजुर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष शंकर सरकार, मनोज जैन, विजय मंडावी, संतोष भास्कर, ओम प्रकाश साहू, हेम मंडावी, अजय बछर, पीयूष कश्यप, संतोष नाहर, डिकेश खापर्डे, शकुंतला नरेटी, खुशी जोतवानी, सुनीता मंडल, मनोहर यादव, लक्ष्मी नारायण साहू, पुष्पा मंडावी, राजू श्रीवास सहित बड़ी भाजपा के जिम्मेदार पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाला आरोपी चंद घंटे में गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर पुलिस लगातार सख्त और त्वरित कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शादी का प्रलोभन देकर युवती का यौन शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने 11 मई को थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2021 से उसका ग्राम चिपावंड निवासी आरोपी से प्रेम संबंध था। आरोपी ने शादी का वादा कर लगातार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता के अनुसार आरोपी वर्ष 2025 तक शादी का भरोसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी टालमटोल करता रहा और अंततः शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी जयनाथ कोर्राम 23 वर्ष निवासी ग्राम चिपावंड को गिरफ्तार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा एसडीओपी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी की टीम गठित की गई। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

टीम का रहा सराहनीय योगदान – कार्रवाई में प्रभारी उप निरीक्षक राजीव गोटा, उपनिरीक्षक अखिलेश धीवर, सहायक उपनिरीक्षक कांति यादव, महिला आरक्षक सोना मरकाम, श्यामा नाग, आर. बुधराम कोर्राम, प्रभु राम नेताम यादव, गौरव यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कुर्मी समाज की बैठक में मातृशक्ति का सम्मान



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच जगदलपुर इकाई की बैठक हाटगुड़ा स्थित सामाजिक भवन में रविवार को आहूत की गई, जिसमें मातृ दिवस के अवसर पर मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया। वहीं संगठन में सदस्य संख्या बढ़ाने और सामाजिक गतिविधियां तेज करने व्यापक चर्चा की गई। शाम बजे प्रारंभ हुई बैठक में सबसे पहले छत्तीसगढ़ राज्यदृष्टा सांसद खूबचंद बघेल की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर समाज के संरक्षक जेपी कौशिक के कहा कि हर समाज के युवकों का दायित्व है कि वह अपने समाज की सांस्कृतिक विशेषताओं को संरक्षित करने तथा सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करने आगे आएं। युवाओं की तत्परता के बगैर किसी भी समाज को संरक्षण नहीं किया जा सकता इसलिए सामाजिक संगठनों को मजबूती प्रदान करने युवा आगे आएं। मातृ दिवस के अवसर पर बैठक में रुक्मणी कौशिक, सरोज चंद्रा और हेमलता कश्यप को पुष्प गुच्छ भेंट कर समाज पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया है। समाज को और अधिक सक्रिय करने के लिए सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी घोषित

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने चिकित्सा प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी व जिले के सभी तेरह मण्डलों में संयोजकों की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन व चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक डा. देवेन्द्र कश्यप के निदेर्शानुसार व जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय की सहमति से चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ.वीरेन्द्र सिंह राजपूत ने पदाधिकारियों व मण्डल संयोजको की घोषणा की है। चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक डी पराशर व आत्माराम जोशी बनायें गये हैं। वहीं जिला कार्यकारिणी सदस्य में डॉ रविप्रताप दुबे, डॉ श्रेयांश जैन, डॉ बसंत कश्यप, डॉ रविन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ उपेन्द्र मिश्रा, डॉ घनाराम साहू, गजाधर बैध, अरविन्द करण्डे, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, निकेश देवांगन, विवेक भोजवानी, राजेश दास, वासुनाथ सेन, श्रीनिवास राव, चन्दनलाल चक्रवर्ती, मंगीलाल ठाकुर, दीपांकर मण्डल, अजय श्रीवास्तव, वीके पाण्डेय, खिलावन साहू, डॉ सुपर्ण कोष्ठा साल,आलोनंदी शामिल हैं। वहीं जिले के सभी तेरह मण्डलों में संयोजक बनायें गये हैं। जिसमें भानपुरी मण्डल में डॉ प्रेमनाथ बघेल, बस्तर जोगेश्वर साहू, करपावण्ड अजय आचार्य, बकावण्ड विपुल विश्वास, सरगीपाल डॉ नारायण पंत, लोहण्डीगुड़ा रतुराम सेठिया, दरभा ए के विश्वास, तोकापाल जयराम राणा, बास्तानार डॉ गुलाब प्रधान, नानगुर मनोज ठाकुर, नगरनार डॉ चैतराम रजक, जगदलपुर पूर्वी विनोद श्रीवास्तव व जगदलपुर पश्चिम प्रशांत सरडे संयोजक नियुक्त किये गये हैं।

**माड़ बचाओ अभियान: नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ, आईटीबीपी एवं बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई**

# एक करोड़ कैश के साथ तीन एके 47, तीन एसएलआर मैगजीन, विस्फोटक सामग्री व नक्सल साहित्य बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर










जिले में माड़ बचाओ अभियान में एक करोड़ से अधिक कैश, तीन एके 47, तीन एसएलआर, मैगजीन, विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य सहित दैनिक उपयोग व अन्य सामाग्रियां बरामद की गईं हैं। नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ, आईटीबीपी एवं बीएसएफ़ की संयुक्त कार्रवाई, ग्रामीण के सहयोग व सुदृढ़ सूचना तंत्र से एक माह में यह सफलता हासिल की गई।

पुलिस अधीक्षक नारायणपुर रोबिनसन गुड़िया ने जानकारी दी कि आज की कार्रवाई के बाद वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 270 हथियारों की रिकवरी हुई है। यह आँकड़ा बताता है कि क्षेत्र में विश्वास, शांति और विकास की प्रक्रिया लगातार गति पकड़ रही है। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार 31 मार्च 2026 तक सम्पूर्ण राज्य को नक्सल मुक्त घोषित करने के लक्ष्य के अनुरूप, जिला नारायणपुर में पुलिस द्वारा "माड़ बचाओ अभियान" के तहत विशेष नक्सल उन्मूलन अभियान निरंतर चलाया गया। विगत एक महीने तक जिला नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, आईटीबीपी एवं बीएसएफ़ के संयुक्त दलों द्वारा सुदूर एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सघन सर्चिंग एवं एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग एवं सुदृढ़ आसूचना तंत्र के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए डम्प का पता लगाकर कार्रवाई की गई।

- एक माह तक क्षेत्र में चलाया गया सर्च अभियान
- ग्रामीणों के सहयोग एवं सुदृढ़ सूचना तंत्र भी आया काम

जिला नारायणपुर में तैनात सुरक्षा बलों को ग्रामीणों के सहयोग एवं सुदृढ़ आसूचना तंत्र के आधार पर संचालित संयुक्त कार्यवाही में आज उल्लेखनीय और निर्णायक सफलता प्राप्त हुई है। इस अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के 28 हथियार बरामद किए गए, साथ ही जिंदा राउंड गोला-बारूद जब्त किए गए। यह कार्रवाई नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, आईटीबीपी एवं बीएसएफ़ के संयुक्त प्रयासों से हासिल की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

एसपी रोबिनसन गुड़िया ने बताया कि संयुक्त कार्यवाही में कुल 1 करोड़ 1 लाख 64 हजार कैश, एके-47, एसएलआर, इंसास, 303 रायफल एवं इनके कारतूस ,बीजीएल सेल ,इलेक्ट्रॉन डेटोनेटर, कॉर्डेक्स वायर, नक्सल वर्दी, बैटरी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया गया है। नक्सलियों की लॉजिस्टिक, हथियार आपूर्ति एवं आईईडी निर्माण क्षमता को गंभीर आघात पहुंचा है। यह सफलता नक्सल उन्मूलन अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिला नारायणपुर पुलिस द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के अभियान लगातार जारी रखे जाएंगे। पुलिस, डीआरजी और केंद्रीय सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई, मुस्तैदी और बलिदान के फलस्वरूप जिला नारायणपुर नक्सलमुक्त हो रहा है। मारे गए नक्सलियों के द्वारा अबूझमाड की जंगलों में छिपाए गए हथियार, विस्फोटक पदार्थ और दैनिक उपयोग की वस्तुएं मिलने की संभावना है। अतः आम जनता एवं ग्रामीणों से अपील है कि वे सुरक्षा बलों का सहयोग करते हुए संदिग्ध सामग्रियों की सूचना पुलिस एवं केन्द्रीय बल को अवश्य दें।

### जनसहयोग से रिकवर हथियार, गोला-बारूद व अन्य सामग्रियां

1. एके 47 रायफल - 03 नग
2. एसएलआर रायफल - 03 नग
3. 303 रायफल - 02 नग
4. 315 रायफल - 01 नग
5. एके 47 रायफल की मैग्जीन - 05 नग
6. एके 47 रायफल का जिंदा कारतूस - 113 नग
7. एसएलआर रायफल का जिंदा कारतूस - 182 नग
8. एसएलआर रायफल की मैग्जीन - 13 नग
9. इंसास रायफल की मैग्जीन - 01 नग
10. 303 रायफल रायफल की मैग्जीन - 02 नग
11. 303 रायफल का जिंदा कारतूस - 45 नग
12. 315 रायफल की मैग्जीन - 01 नग
13. 315 रायफल का जिंदा कारतूस - 41 नग
14. 12 बोर बंदूक - 02 नग
15. देशी कट्टा - 02 नग
16. 12 बोर का जिंदा कारतूस - 19 नग
17. एयर गन - 01 नग
18. बीजीएल सेल - 132 नग
19. इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर - 08 नग
20. कॉर्डेक्स वायर - 06 बंडल
21. मोटोरोला सेट- 01 नग
22. वॉकीटॉकी बॉओफेंग - 06 नग
23 एसएमजी कार्टेज - 12
24 बीजीएल - 02
25.बीजीएल कार्टेज - 14
26.सोरा -5KG लगभग
27.व्हाईट पाउडर -3KG
28.रेडियो सेल - 4 सेट
29.बिजली वायर - 02 बंडल
30.अन्य दैनिक सामग्री

## जनदर्शन में लोगों ने मांगा पानी, सीमांकन की रखी मांग



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं को सुना।

कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। माकड़ी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बवई के ग्रामीणों ने चण्डारपारा में नलकूप का पानी सूखने की समस्या बताते हुए नए नलखनन की मांग की। वहीं ग्राम हसलनार के ग्रामीण घस्सुराम बघेल ने भूमि पर कब्जे की शिकायत करते हुए सीमांकन कराने की मांग रखी।

**आंगनबाड़ी और महिला समूह भवन की मांग** – नवलूराम नेताम ने ग्राम तुतारी, ग्राम पंचायत बंधापारा में पुराने आंगनबाड़ी भवन के जर्जर होने की जानकारी देते हुए नए भवन निर्माण की मांग की। श्रीमती पदमादास मानिकपुरी ने कोण्डागांव के तहसीलपारा क्षेत्र में महिला समूह की गतिविधियों के संचालन के लिए भवन निर्माण की मांग रखी। इसके अलावा विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए, जिन पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

## सुशासन तिहार में नगरीय क्षेत्रों लगाए जाएंगे शिविर

**कोण्डागांव।** जनकल्याणकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार के तहत नगरीय क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों से आवेदन लेकर मौके पर निराकरण किया जाएगा।

- पात्र हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

नगरीय क्षेत्र कोण्डागांव में 13 मई को विकास नगर सामुदायिक भवन में वार्ड क्रमांक 1 से 22 तक के नागरिकों के लिए शिविर लगाया जाएगा। वहीं 25 मई को चौपाटी ग्राउंड, बंधा तालाब के सामने दूसरा शिविर आयोजित होगा। नगरीय क्षेत्र केशकाल में 13 मई को वार्ड क्रमांक 3 बाजारपारा सुरडोंगर के पास शिविर लगेगा। इसके अलावा 21 मई को वार्ड क्रमांक 13 मूंगबाड़ी शीतला मंदिर के पास शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे शिविरों में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लें और अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं।

## आक्रोश: विभागीय समस्याओं और बिजली संबंधी शिकायतों का नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर




क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि विभागीय समस्याओं और बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क करने पर संबंधित अधिकारी फोन रिसीव नहीं करते, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पखांजूर विद्युत विभाग में पदस्थ कनिष्ठ यंत्री रामलाल प्रजा की कार्यशैली को लेकर उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच नाराजगी बढ़ती जा रही है।

- विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री की कार्यशैली से लोग परेशान

स्थानीय लोगों के अनुसार बिजली कटौती, ट्रांसफार्मर खराब होने, लो-वोल्टेज तथा बिल संबंधी समस्याओं को लेकर उपभोक्ता लगातार विभाग से संपर्क करने का प्रयास करते हैं, लेकिन कनिष्ठ यंत्री का मोबाइल अधिकांश समय बंद या रिसीव नहीं होता। खास बात यह है कि विद्युत बिल में शिकायत एवं संपर्क के लिए कनिष्ठ यंत्री का मोबाइल नंबर अंकित है, बावजूद इसके उपभोक्ताओं को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा है।

मामले को लेकर पखांजूर नगर पंचायत के कई पार्षदों ने भी नाराजगी जाहिर की है। पार्षदों का कहना है कि जनहित के मुद्दों और क्षेत्र में उत्पन्न विद्युत समस्याओं को लेकर जब भी कनिष्ठ यंत्री से संपर्क करने का प्रयास किया जाता है, वे फोन नहीं उठाते। इससे जनप्रतिनिधियों को भी लोगों के बीच जवाब देने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि विद्युत विभाग जैसी आवश्यक सेवा में कार्यरत अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। लोगों ने मांग की है कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की जाए।

### कनिष्ठ यंत्री ने नहीं उठाया फोन

मामला उस समय और अधिक चर्चा में आ गया जब पखांजूर के मजिस्ट्रेट द्वारा किसी आवश्यक कार्य को लेकर संबंधित कनिष्ठ यंत्री को फोन लगाया गया, लेकिन रिसीव नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि इसके बाद मजिस्ट्रेट ने तत्काल सहायक अभियंता ठाकुर को न्यायालय तलब किया और इस लापरवाही को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। न्यायालय में विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए।

### नहीं हो पा रहा सुधार

इस पूरे मामले की शिकायत सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता तथा जिले के एसी कार्यालय तक फोन के माध्यम से की जा चुकी है। बावजूद इसके अब तक स्थिति में कोई विशेष सुधार देखने को नहीं मिला है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभागीय अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिसके कारण क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## कलेक्टर ने सुशासन तिहार व बस्तर मुन्ने शिविरों की समीक्षा की



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने और मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

- लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच कार्य में तेजी लाने को कहा। साथ ही सिकल सेल स्क्रीनिंग को प्रभावी ढंग से संचालित करने और आयुष्मान कार्डधारियों को उपचार हेतु कार्ड उपयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में बस्तर मुन्ने अभियान के तहत आयोजित ग्राम स्तरीय शिविरों की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के संतोषजनक निराकरण और शिविरों के बेहतर संचालन पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने आधार अद्यतन एवं त्रुटि सुधार कार्योंं में विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। साथ ही राजस्व प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अविनाश भोई, चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा** – बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पोषण अभियान, स्वच्छ भारत अभियान, महतारी वंदन योजना, हर घर जल योजना, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम तथा सड़क सुरक्षा सहित कई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

## ब्लूप्रिंट प्रशिक्षण शुरू, प्राचार्य–व्याख्याताओं को सुधार लाने मिलेगा शैक्षणिक मार्गदर्शन



**कोण्डागांव।** हाई व हायर सेकेंड्री स्कूलों के परीक्षा परिणामों में आवश्यक सुधार लाने के उद्देश्य से विकासखंड माकड़ी में प्राचार्य एवं व्याख्याता शिक्षकों का 5 दिवसीय ब्लूप्रिंट प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण 12 मई से 16 मई तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में भाषा, कला, वाणिज्य एवं कृषि समूह के कुल 117 प्राचार्य और व्याख्याता शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा संस्थान बस्तर एवं जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव के निर्देशानुसार किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर और स्लाइड्स के माध्यम से विषयों की सूक्ष्म जानकारी दी जा रही है, ताकि शिक्षक आधुनिक पद्धति से अध्यापन कर विद्यार्थियों के परिणाम बेहतर बना सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर सुखराम देवागंन, ताहिर खान, सखाराम बघेल, इंदुमति सिन्हा, रमेश प्रधान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**नियमित उपस्थिति के निर्देश** – बीआरसी ताहिर खान ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षण के महत्व की जानकारी देते हुए सभी दिवस नियमित रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।

## पेज 09 के शेष

### पंचायत जनप्रतिनिधियों से...

, कामटेरा और बदरंगी पंचायतों के प्रतिनिधियों ने पुलिया एवं सीसी रोड निर्माण, जर्जर स्कूल भवनों के स्थान पर नए भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, पीडीएस भवन, छात्रावास, सोलर लाइट, बाउंड्रीवॉल, खेल मैदान और बोर खनन जैसी मांगें प्रमुखता से उठाईं।कलेक्टर ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के सीईओ उदय नाग को निर्माण कार्यों की विस्तृत सूची तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण** : आयोजित बैठक के बाद कलेक्टर ने कोयलीबेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय सरपंच ने सोलर पंप के लिए नई बैटरी की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल बैटरी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और बीएमओ को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पखांजुर एसडीएम मनीष देव साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 26 मिनट पहले...

घंटे पहले सूचना देना है, जिसका पालन जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा नहीं किया गया।

**आमजनता में बढ़ रही नाराजगी** : स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विभाग यदि पहले से पर्याप्त समय देकर सूचना जारी करे तो लोग अपनी दिनचर्या और जरूरी कार्यों की योजना बना सकते हैं। लेकिन अचानक आने वाले संदेश और तत्काल बिजली बंद होने से आम जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कई लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग द्वारा लगातार मेंटेनेंस के नाम पर कटौती की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद बिजली व्यवस्था में अपेक्षित सुधार देखने को नहीं मिल रहा।

नियमानुसार हितभोक्ताओं को दी जाए जानकारी : शहरवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली बंद करने की सूचना कम से कम नियम के अनुसार 24 घंटे पहले दी जाए, ताकि लोग आवश्यक तैयारियां कर सकें। साथ ही पानी सप्लाई के समय को ध्यान में रखते हुए मेंटेनेंस कार्य की समय-सारणी तय करने की भी मांग उठ रही है। अब देखना होगा कि विभाग जनता की इस परेशानी को गंभीरता से लेते हुए व्यवस्था में सुधार करता है या नहीं।

### मेडिकल कॉलेज में...

प्रबंधन, यूनियन प्रतिनिधियों और कर्मचारियों के बीच विस्तृत चर्चा हुई।

**बैठक में यह तय हुआ** : प्रशासन के साथ आयोजित बैठक में तय हुआ कि पिछले चार वर्षों से कम दिए गए वेतन की जांच श्रम विभाग 15 दिनों के भीतर करेगा, छह दिनों के भीतर सभी कर्मचारियों को ईएसआई कार्ड उपलब्ध कराने और जिन कर्मचारियों को अब तक लाभ नहीं मिला है, उन्हें उचित सहायता दिलाने पर सहमति बनी।

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री सेजेस बस्तर में एडमिशन के लिए हुई लॉटरी प्रक्रिया



**बस्तर।** पीएम श्री सेजेस बस्तर में कक्षा पहली एवं विभिन्न कक्षाओं में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश हेतु 12 मई को लॉटरी की गई। अतिथियों ने मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्राचार्य पीआर लाउतरे ने विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं की चहुमुखी विकास हेतु पालकों को विद्यालय से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया गया। संरक्षक रामानंद मिश्रा ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु समस्त शिक्षकों -शिक्षिकाओं की सराहना की। एसएमडीसी के अध्यक्ष डॉ. राजपूत ने भी समस्त शिक्षकों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते आने वाले समय में लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम कर विद्यालय को गौरवान्वित करने हेतु प्रेरित किया।

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बीजापुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता हेतु भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बीजापुर की टीम उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुई। यह दल कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से राज्य प्रतिनिधि, जिला रेडक्रॉस अधिकारी, काउंसलर शिक्षक तथा जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस के विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए दल में जिले की विभिन्न जूनियर रेडक्रॉस इकाइयों से चयनित 30 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें 15 बालक एवं पन्द्रह बालिकाएं, प्रतिभागियों के साथ पुरुष काउंसलर आदित्य ठाकुर यदुनाथ कश्यप, पंचराम कुजूर, महिला काउंसलर लक्ष्मी ठाकुर, एंजेलिना दास, शारदा तोड़ेम भागीदारी ली।

# खुले आसमान व पेड़ों की शीतल छांव में ग्रामीणों और पुलिस के बीच जन-संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

जन-संवाद कार्यक्रम में नदी पार के ग्राम गोंडमेंटा, मर्रामेटा, पदमेटा, धरमा, घोटपाल एवं बैइल के ग्रामीणों से रूबरू होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगारमूलक गतिविधियों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। थाना भैरमगढ़ क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रावती नदी पार ग्राम मर्रामेटा में पुलिस प्रशासन द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम एवं चलित थाना का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमन कुमार झा, एसडीओपी भैरमगढ़ नवीन एक्का, थाना प्रभारी भैरमगढ़ एकेश्वर नाग सहित कार्यपालिक बल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक आश्वासन दिया। वर्षों तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे इस क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन के पश्चात अब शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुँच रहा है। क्षेत्र में सड़कों का विस्तार हो रहा है तथा पुल-पुलियों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। वर्षों तक माओवादी हिंसा का दंश झेल चुके ग्रामीणों को शांति, विकास एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। जवानों की शहादत एवं ग्रामीणों के त्याग को स्मरण करते हुए समझाइश दी गई कि समाज में हिंसा, माओवादी विचारधारा एवं असामाजिक तत्वों के लिए अब कोई स्थान नहीं है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे क्षेत्र में शांति एवं विकास बनाए रखने हेतु एकजुट रहें। अधिकारियों द्वारा युवाओं को शिक्षा, खेल एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य निर्माण हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल एवं आंगनबाड़ी भेजें, जहाँ बच्चों को शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, स्कूल ड्रेस, पुस्तकें एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्रामीणों को यह भी समझाइश दी गई कि वे किसी भी प्रकार के बहकावे में न आएँ। मुख्यधारा में लौटे पुनर्वासित माओवादियों द्वारा सम्मानपूर्वक रोजगारमूलक जीवनयापन किए जाने की जानकारी भी साझा की गई।

### इन्द्रावती नदी पार ग्राम मर्रामेटा में सिविक एक्शन कार्यक्रम



**जरूरत के सामान बांटे गए** सिविक एक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को क्रिकेट, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन की खेल सामग्री एवं खेल ड्रेस वितरित की गई। महिलाओं को साड़ी, बच्चों एवं युवाओं को खेल सामग्री तथा बुजुर्गों को चप्पल प्रदान कर सहयोग किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए क्षेत्र में शांति, विकास एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## 103 हितग्राहियों को मिला वनाधिकार पत्र

# ग्रामीणों के घर बैठे बन रहे जरूरी दस्तावेज : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत गंगालूर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ऐतिहासिक भीड़ देखने को मिली। ग्राम पंचायत गंगालूर, डोडीतुमनार, गमपुर, पीड़िया, बुरजी, मेटापाल, पुसनार, गोंगला, कमकानार, पदमुर, चेरपाल, पालनार एवं तोड़का सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया।

- गंगालूर जनसमस्या निवारण शिविर में उमड़े लोग

ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी ने शासन-प्रशासन के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाया।

शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत सदस्य मैथियस कुजूर ने भी शिविर में स्वास्थ्य जांच कराई और ग्रामीणों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कलेक्टर विश्वदीप ने शिविर में लगाए गए सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में ही लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने के निर्देश भी दिए।



ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर विश्वदीप ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और आम जनता को सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से सभी विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी लेने की अपील की।

कलेक्टर ने बताया कि विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज जरूरी हैं। इन्हें जनसमस्या निवारण शिविर एवं बस्तर मुन्ने अभियान के माध्यम से घर-घर पहुंचकर तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने श्रम पंजीयन और श्रम कार्ड के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, पीएम किसान, मातृत्व वंदना, किसान क्रेडिट कार्ड, तेंदूपत्ता संग्रहण तथा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जैसी योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है। इसके लिए बैंक खाता अनिवार्य है और प्रशासन द्वारा शिविरों एवं बस्तर मुन्ने अभियान के माध्यम से खाते खुलवाने का कार्य भी किया जा रहा है।

### पुलिस अधीक्षक ने किया जागरूक

पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने भी शिविर को संबोधित करते हुए ग्रामीणों से शासन की योजनाओं से जुड़ने और प्रशासन के साथ सहयोग बनाए रखने की अपील की।

### सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित

शिविर में 103 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र वितरित किए गए। वहीं नक्सल प्रभावित दो परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए मकान की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। इसके अलावा 28 हितग्राहियों को श्रम कार्ड प्रदान किए गए। बस्तर मुन्ने शिविर के दौरान बनाए गए राशन कार्डों का वितरण भी किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा डिजिटल किताब, जाति प्रमाण पत्र, मृदा परीक्षण कार्ड, मत्स्य विभाग द्वारा जाल एवं आईस बॉक्स सहित अन्य उपयोगी सामग्री वितरित कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

### जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद

शिविर में जिला पंचायत सदस्य मैथियस कुजूर सहित जिला जनपद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शंकरलाल बने पेंशनर फोरम के संभागीय अध्यक्ष



**गीदम।** विभिन्न पेंशनर संघों के द्वारा गठित छत्तीसगढ़ पेंशनर फोरम और एक मांग एक मंच अभियान की संयुक्त बैठक पेंशनर फोरम के प्रांतीय संरक्षक जयनारायण श्रीवास्तव की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कार्यालय राजधानी में रखी गई। बैठक में अनेक निर्णय लिए गए जिसमें पेंशनर फोरम के तीन संभाग अध्यक्षों के नियुक्ति पर मोहर लगाई गई। शंकरलाल श्रीवास्तव को बस्तर संभाग का अध्यक्ष बनाया गया। शिव श्रीवास्तव राजनांदगांव को दुर्ग संभाग का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सुजान बिंद सरगुजा संभाग के अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा राज्य के एक लाख 46 हजार पेंशनरों प्रदेश के प्रतिष्ठित अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर फोरम के संरक्षक श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल वित्त सचिव से मिलेगा। इसी प्रकार से करन सिंह अटेरिया के प्रस्ताव पर दो प्रतिशत महंगाई भत्ता की मांग को लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और वित्त सचिव से मिलने का निर्णय लिया गया। न्यायधानी बिलासपुर के संभागीय अध्यक्ष के चयन के लिए उप प्रांतीय संयोजक डॉ. डीपी मनहर और रायपुर संभाग के अध्यक्ष के लिए आर के थवाईत को अधिकृत किया गया। सरगुजा संभाग में पेंशनर फोरम के विस्तार के लिए आगामी 13 -14 मई को संरक्षक सरगुजा संभाग के प्रवास पर रहेंगे। जहां वे 14 में को सेवानिवृत्ति पेंशनरों से भेंट करेंगे। पेंशनर फॉर्म और एक मांग एक मंच अभियान की संयुक्त बैठक आगामी जून माह में जिला जांजगीर मुख्यालय में कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांतीय संयोजक चंद्रिका सिंह जगदलपुर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, प्रांतीय प्रवक्ता विद्या भूषण दुबे, यूनुस खान कुरैशी उपस्थित रहे।

## परियोजना चिकित्सालय को स्मार्ट हॉस्पिटल ऑफ द ईयर का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ किरंदुल

एनएमडीसी लिमिटेड के बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स स्थित परियोजना चिकित्सालय को इंटीग्रेटेड हेल्थ एंड वेलबीइंग काउंसिल ने नोवोटेल हैदराबाद कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में स्मार्ट हॉस्पिटल ऑफ द ईयर पुरस्कार टियर-2/3 शहर श्रेणी से सम्मानित किया गया। यह गौरवपूर्ण पुरस्कार परियोजना की ओर से डॉ. एमवी लाल एवं डॉ. अभिषेक ने ग्रहण किया।

- आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को बेहतर उपचार उपलब्ध करा रहा

यह प्रतिष्ठित सम्मान परियोजना चिकित्सालय ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, आधुनिक तकनीकी सुविधाओं, डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। आज परियोजना चिकित्सालय अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से कर्मचारियों, उनके आश्रितों एवं आसपास के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को निरंतर बेहतर उपचार उपलब्ध करा रहा है। अमिताभ मुखर्जी अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक की दूरदर्शी सोच एवं डिजिटलीकरण की पहल से परियोजना चिकित्सालय ने आधुनिक एवं स्मार्ट स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित की है। अस्पताल में आईसीयू, एनआईसीयू, सीटी-स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कॉपी, फेको सर्जरी, ब्लड बैंक, कंपोनेंट लैब, आपातकालीन सेवाएं सहित अनेक विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो इसे क्षेत्र के अग्रणी चिकित्सालयों में शामिल करती हैं।

किरंदुल कॉम्प्लेक्स के रविंद्र नारायण अधिशासी निदेशक के कुशल नेतृत्व एवं केएल नागवेणी, उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन के मार्गदर्शन में चिकित्सालय के डॉक्टरों, नर्सों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी मेहनत, सेवा भावना एवं समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर परियोजना प्रबंधन, विभागाध्यक्षों, श्रमिक यूनियनों एवं समस्त कर्मचारियों ने परियोजना चिकित्सालय की पूरी टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की। यह सम्मान भविष्य में भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु पूरी टीम को प्रेरित करता रहेगा।

## अच्छी गुणवत्ता के पत्तों पर मिलेगा बोनस, बीमा और छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

जिला वनोपज सहकारी यूनियन बीजापुर द्वारा वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। जिले के 28 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में पामेड़ पुजारी कांकेर, उसूर, हीरापुर, चेरामंगी, कोरसागुड़ा, ईलमिड़ी, देपला, भद्राकाली, सकनापल्ली, चेरपल्ली, मददेड़, बंदेपारा, पामगल, धनोरा, संतोषपुर तोयनार, गुदमा, बरदेला, माटवाड़ा, भैरमगढ़, कोडोली, मिरतुर, कुटरु एवं करकेली के अंतर्गत 45 तेंदूपत्ता लॉटों के 582 फड़ों में संग्रहण कार्य संचालित किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित 5.50 रुपए प्रति गड्डी 5500 प्रति मानक बोरा की दर से ग्रामीणों से अच्छी गुणवत्ता के तेंदूपत्तों की खरीदी की जाएगी। समिति ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे चिकने, सपाट, बिना छेद और बिना कटे-फटे अच्छे पत्तों की 50-50 पत्तों की गड्डी बनाकर नजदीकी फड़ में विक्रय करें। अधिक गुणवत्ता वाले तेंदूपत्ता बेचने वाले संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक के साथ बोनस का भी लाभ मिलेगा।



इसके अलावा 500 गड्डी से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले संग्राहकों को शासन की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। योजना के तहत परिवार के मुखिया की सामान्य मृत्यु पर 2 लाख तथा दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## विभाग आपसी समन्वय के साथ ग्रामीणों को पहुंचाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

जिले में आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत आज ग्राम बड़े तुमनार स्थित आम बगीचा परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का निरीक्षण जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक ग्रामीण की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सरल प्रक्रिया के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन शिविर शासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

- बड़े तुमनार के आम बगीचा में लगा जनसमस्या निवारण शिविर



शिविर में ग्रामीण जन उपस्थित हुए, जिन्होंने आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, राजस्व प्रकरण, विद्युत, पेयजल तथा अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला सीईओ ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने विभागीय स्टॉलों में पहुंचकर हितग्राहियों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा एवं आवास योजनाओं, कृषि विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड एवं कृषि योजनाओं, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड तथा श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन से संबंधित जानकारी एवं सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

# शिविर में 85 लोगों ने सेहत की करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ किरंदुल

आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) किरंदुल ने जन सेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ग्राम पंचायत हिरोली में एक बड़े स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया ताकि गांव के गरीब और जरूरतमंद लोगों को उनके घर के पास ही बेहतर इलाज मिल सके। इस शिविर की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटने लगे और कुल 85 लोगों ने अपनी सेहत की जांच करवाई। शिविर में आए डॉक्टरों ने 59 मरीजों की बारीकी से जांच की और बीमारी के हिसाब से उन्हें मौके पर ही मुफ्त में दवाइयां बांटी जिससे ग्रामीणों को शहर जाकर महंगी दवा खरीदने की चिंता से मुक्ति मिली। शरीर के भीतर की बीमारियों को जानने के लिए शिविर में खून की जांच की सुविधा भी रखी गई थी जिसमें 26 लोगों के खून की जांच कर उनके ब्लड प्रेशर, शुगर और मलेरिया की स्थिति का पता लगाया गया। इस नेक काम को पूरा करने में गांव के सरपंच, स्वास्थ्य केंद्र की सीएचओ और गांव-गांव जाकर सेवा देने वाली मितानिन बहनों ने अपना पूरा सहयोग दिया।



एएम/एनएस इंडिया की टीम और गांव के इन जागरूक प्रतिनिधियों ने साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया कि शिविर में आने वाले हर एक व्यक्ति को सही सलाह और उपचार मिल सके। हिरोली के लोगों ने कंपनी के इस प्रयास की दिल से तारीफ की और कहा कि खेती-किसानी के काम के बीच गांव में ही इस तरह का कैंप लगने से उन्हें बहुत सहारा मिला है। कंपनी के लोगों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे आगे भी इसी तरह गांव के लोगों की सेहत और सुख-दुविधा का ख्याल रखने के लिए ऐसे कैंप लगाते रहेंगे ताकि पूरा क्षेत्र बीमारी मुक्त और खुशहाल रह सके।

## लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विशेष रूप से सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, उनकी निराकरण स्थिति तथा लंबित प्रकरणों पर गंभीरता से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सुशासन तिहार के अन्तर्गत विभागों को प्राप्त आवेदनों के प्रभावी निराकरण को अधिकारीगण गंभीरता से लेवें क्योंकि शासन स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जाती है। इसके अलावा शिविर में मंत्रियों के प्रस्तावित निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से जुडे.समस्याओं की गहन समीक्षा की जायेगी।



## सांसद फूलोदेवी का स्वागत

**जगदलपुर।** राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम के नगर आगमन पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जोशिला स्वागत किया। इसके पश्चात राजीव भवन में कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात के बाद विचार विमर्श हुआ। सांसद ने कहा कि पार्टी की मजबूती के साथ केंद्र और राज्य में बैठी सरकार की जनविरोधी योजनाओं का तीव्र विरोध करें। उन्होंने कहा दोनों सरकारें वादाखिलाफी के साथ गरीब तपकों के भलाई के लिए काम नहीं कर रही है। ऐसे में विपक्ष में होने के कारण हमें जनता के बीच जाकर उनके साथ खड़े रहकर सरकार का विरोध करना है। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।












विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# दुधावा क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

पुलिस की पहचान केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं होती, बल्कि समाज को सही दिशा देने और युवाओं को प्रेरित करने में भी उसकी अहम भूमिका होती है। इसी सोच को साकार करते हुए जिला पुलिस द्वारा संचालित मोर मितान कांकेर पुलिस अभियान के अंतर्गत चौकी दुधावा में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल सही मार्गदर्शन और अनुशासन की होती है। उन्होंने युवाओं को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग, नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बासनवाही और दुधावा क्षेत्र के उन होनहार विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया। इनमें 12 वीं में 93 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली गीतांजली साहू, 10 वीं में 96.83 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाली चांदनी साहू, 12वीं में 87.50 प्रतिशत अंक पाने वाले नरेन्द्र मरकाम, 10वीं में 87.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली डिम्पल कश्यप तथा विशेष संरक्षित जनजाति वर्ग से आने वाली पायल मरकाम शामिल रहीं। आयोजित कार्यक्रम की विशेष आकर्षण पुलिस कार्यप्रणाली का अवलोकन रहा।

## पुलिस की मानवीय पहल ने जीता दिल

### सकारात्मक सोच विकसित होती है

बासनवाही स्कूल के प्राचार्य देवकरण भास्कर ने पुलिस की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक, पालकगण, गणमान्य नागरिक एवं चौकी दुधावा का पुलिस स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।




### बच्चों को पुलिसिंग से कराया अवगत

चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार वर्मा ने बच्चों को वायरलेस सेट, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, मुहर्रिर कक्ष, शस्त्रागार और बंदी गृह का भ्रमण कराते हुए पुलिसिंग की बारीकियों से परिचित कराया। इससे बच्चों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान और अधिक बढ़ा। अंत में चौकी प्रभारी ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### वृद्धाश्रम का आज होगा गृह प्रवेश पूजन

**कांकेर।** मानव सेवा को ईश्वर सेवा मानते हुए कांकेर शहर में वरिष्ठ नागरिकों की सेवा एवं देखभाल के उद्देश्य से नव निर्मित वृद्धाश्रम का गृह प्रवेश पूजन कार्यक्रम 13 मई बुधवार को दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया है। संस्था की अध्यक्ष बुलबुल वैद्य ने बताया कि वृद्धाश्रम का उद्देश्य वृद्धजनों को सम्मान, स्नेह, सुरक्षा एवं पारिवारिक वातावरण प्रदान करना है। संस्था की ओर से शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं आमजन से इस अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर वृद्धजनों के इस सेवा कार्य में अपना आशीर्वाद एवं सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

### बुजुर्ग ने अस्पताल में तोड़ा दम, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत गोडरी निवासी 65 वर्षीय रघुराम पिता लतखोर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक खड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। चोट गंभीर होने के कारण उसका 10 मई को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### लो-वोल्टेज और बिजली कटौती से जनता त्रस्त

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा ब्लॉक के नागरिक भीषण गर्मी के मौसम में बिजली विभाग की लचर व्यवस्था



के कारण लो-वोल्टेज और बिजली कटौती के कारण भारी परेशान हैं। क्षेत्र के लोग चिलचिलाती धूप में काम करके घर वापस लौटते है। गर्मी से राहत पाने पंखा व कूलर का सहारा लेना चाहते है लेकिन बिजली बंद होने की वजह से विद्युत उपकरण चल नही पाता। सुरेसिंह बघेल ने कहा वर्तमान के समय में पत्ता तोड़ाई का समय चल रहा है। संग्राहक इस भीषण गर्मी में पत्ता तोड़कर घर आते है और गर्मी से राहत पाने के लिए पंखा, कूलर का सहारा लेना चाहते हैं। दिन रात कई बार बिजली गुल होने और लो वोल्टेज के कारण घर के उपकरण जैसे पंखे, कूलर, मोटरपंप काम नहीं कर रहे हैं व खराब हो रहे हैं। क्षेत्र में अधिकांश समय वोल्टेज कम रहने से न केवल घरेलू कामकाज बाधित हो रहे हैं, बल्कि पेयजल की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि ट्यूबवेल, मोटर पंप नहीं चल पा रहे हैं। पुराने और क्षमता से अधिक लोड वाले ट्रांसफार्मर के कारण यह समस्या बनी हुई है, लेकिन विभाग द्वारा उन्हें बदलने या क्षमता बढ़ाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मूकदर्शक बने हुए हैं। अपने आला नेताओं के आवभगत पूरी जिम्मेदारी से कर रहे हैं, लेकिन लोंगों की मूलभुत समस्याओं से कोई सरोकार नही हैं।

## निरीक्षण : निर्मित एवं निर्माणाधीन पुल-पुलियों का किया मुआयना

# अंदरूनी इलाके में विकास कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

कोयलीबेड़ा विकासखंड में किए जा रहे विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पुल पुलियों और सड़कों का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए सम्बंधित जानकारी अधिकारी को निर्देशित किया।



कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी 12 मई को कोयलीबेड़ा प्रवास के दौरान क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित मेडकी नदी पर उच्च स्तरीय निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। 11 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे उक्त पुल को सेतु निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा है। बताया गया कि इसके निर्माण से ग्राम पानीडोबीर की ओर जाने वाले ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में इस नदी पर रपटा बनाया गया है जिसका बारिश के मौसम में ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है। कलेक्टर ने नियत तिथि तक पूर्ण करने के लिए उपस्थित अधिकारी को निर्देश दिए। इसके उपरांत पानीडोबीर मार्ग पर निर्मित दो पुलियों का अवलोकन किया। इसके पश्चात नियाद नेल्लानार योजना के क्लस्टर ग्राम पानीडोबीर में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण अधिकारी द्वय ने किया।

**एक्सिस बैंक भी पहुंचे :** इसके पहले, उन्होंने पानीडोबीर में ग्रामीणों की मांग पर हाल ही में खोली एक्सिस बैंक की शाखा का अवलोकन किया तथा शाखा प्रबंधक से आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम पखांजूर श्री मनीष देव साहू और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के सीईओ उपस्थित रहे।

# सेन समाज ने शिक्षा के प्रति जागरूकता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

जिला सर्व सेन नाई समाज ग्रामीण द्वारा एक प्रेरणादायी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समाज की प्रतिभाशाली बेटियों की उपलब्धियों ने पूरे आयोजन को गौरवपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व और बेटियों की सफलता को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

जिला अध्यक्ष प्रभु राम शांडिल्य की अध्यक्षता में चारामा में आयोजित समारोह में जिलेभर से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया। समारोह में 12 वीं विज्ञान संकाय में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली लिलेझर निवासी मधु सेन, 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 95.2 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाली दरगाहन निवासी डिम्पल सेन तथा 93.3 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली भानुप्रतापपुर निवासी निलिमा शांडिल्य को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इन बेटियों का उत्साहवर्धन किया। मीडिया प्रभारी लोकेश्वर सेन ने बताया कि विद्यार्थियों की सूची तैयार कर 12 मई को यह विशेष प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया गया, ताकि बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिल सके। में जिला अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। मेहनत, लगन और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। सहायक संचालक प्रकाश सेन ने भी विद्यार्थियों को नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की, वहीं चरामा की पूर्व पार्षद जानकी सेन द्वारा कॉपी-पेन वितरित कर बच्चों का हौसला बढ़ाया गया।

**इनकी रही उपस्थिति :** आयोजित कार्यक्रम में समाज के सचिव रुद्र कुमार सेन, मिस्त्री लाल सेन, बनवाली कौशिक, शिवन सेन, छबिलाल सेन, प्रकाश कुमार सेन, माधुरी सेन, ममता सेन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बंशीलाल सेन ने किया।

# कम लागत में अधिक पैदावार, नैनो यूरिया नैनो डीएपी का किसान करें सही इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नैनो यूरिया इफको द्वारा विकसित एक अत्याधुनिक तरल उर्वरक है जो पारंपरिक दानेदार यूरिया का प्रभावी विकल्प है। इसकी 500 मिली की एक बोतल सामान्य यूरिया के 45-50 किलोग्राम के एक पूरे बैग के बराबर पोषक तत्व प्रदान करती है। इसमें मौजूद 20-50 नैनोमीटर के कण पत्तियों के माध्यम से सीधे अवशोषित होते हैं, जिससे नाइट्रोजन उपयोग की दक्षता 80 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। यह न केवल मिट्टी की सेहत सुधारता है बल्कि किसानों की लागत कम कर पैदावार बढ़ाने में भी सहायक है।




अति शीघ्र अवधि वाली किस्में (80 से 100 दिन) इन किस्मों के लिए पहला स्प्रे बोवाई या रोपाई के 30-35 दिनों के बाद करना चाहिए। इसके बाद दूसरा स्प्रे 55-60 दिनों के अंतराल पर किया जाता है। प्रत्येक स्प्रे में 500 मिली नैनो यूरिया को 125-150 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ उपयोग करें। शीघ्र अवधि वाली बौनी किस्में (100-110 दिन) इन फसलों में भी प्रथम छिड़काव बोवाई या रोपाई के 30-35 दिनों के बाद और द्वितीय छिड़काव 55-60 दिनों के पश्चात किया जाना चाहिए। प्रति एकड़ 500 मिली मात्रा को निर्धारित 125-150 लीटर पानी में मिलाना आवश्यक है। मध्यम अवधि वाली किस्में (110-125 दिन) इन किस्मों के लिए समय-सारणी थोड़ी भिन्न है। पहला स्प्रे बोवाई या रोपाई के 45-50 दिनों के बाद किया जाना चाहिए, जबकि दूसरा स्प्रे 75-80 दिनों के पश्चात करना उचित रहता है। मध्यम से अधिक अवधि वाली किस्में (126-140 दिन) लंबी अवधि की फसलों के लिए प्रथम छिड़काव 45-50 दिनों के बाद और दूसरा छिड़काव 85-90 दिनों के पश्चात किया जाना चाहिए। घोल बनाने के लिए वही मानक मात्रा (500 मिली खाद और 125-150 लीटर पानी) अपनाई जाती है।

### खड़ी फसल में पर्णीय छिड़काव

धान की बोवाई या रोपाई के 25-30 दिनों के बाद खड़ी फसल में नैनो डीएपी का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए 300 मिली नैनो डीएपी को 125-150 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करना चाहिए। यह विधि पौधों में क्लोरोफिल बढ़ाने और फसल की गुणवत्ता सुधारने में अत्यंत कारगर है।

### नैनो डीएपी की विशेषताएं और आर्थिक लाभ

नैनो डीएपी दुनिया का पहला तरल नैनो-तकनीक आधारित उर्वरक है जिसमें 8 प्रतिशत नाइट्रोजन और 16 प्रतिशत फास्फोरस होता है। इसकी 500 मिली की बोतल 50 किलो की पारंपरिक डीएपी बोरी के बराबर है। जहाँ पारंपरिक डीएपी की बोरी लगभग 1350 रुपये की आती है, वहीं नैनो डीएपी की बोतल मात्र 600 रुपये में उपलब्ध है, जिससे खेती की लागत में भारी कमी आती है। इसके नैनो-कणों के कारण पोषक तत्वों की उपलब्धता 90 प्रतिशत तक बढ़ जाती है, जो पौधों की जड़ों को मजबूती प्रदान करती है। सीधी बुआई के लिए 200 मिली नैनो डीएपी को 3 लीटर पानी में घोलकर 30 किलो बीज उपचारित करें और उन्हें आधे घंटे छाया में सुखाकर बोएं। यदि रोपाई विधि अपना रहे हैं, तो 200 मिली मात्रा को 40 लीटर पानी में घोलकर पौधों की जड़ों को 30 मिनट तक डुबोकर रखें।

# सुशासन शिविर आगामी आदेश तक स्थगित

**चारामा।** नगर पंचायत चरामा के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के लिए होने वाले आगामी उपचुनाव ने शहर की प्रशासनिक गतिविधियों की रफ्तार थाम दी है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही पूरे क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इस चुनावी नियम के लागू होते ही शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण 'सुशासन तुंहर द्वार' योजना के तहत आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविरों को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

योजना के 13 वें चरण के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, आगामी 13 मई को चारामा में एक विशाल शिविर का आयोजन प्रस्तावित था। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की विभिन्न समस्याओं और शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करना था। हालांकि, आचार संहिता के नियमों के चलते प्रशासन ने इस शिविर सहित अन्य सभी प्रस्तावित कार्यक्रमों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का निर्णय लिया है। चुनाव की घोषणा के साथ ही संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्र में किसी भी प्रकार की नई योजना या लोक-लुभावन कार्यक्रमों पर रोक लग जाती है ताकि मतदाताओं को किसी भी तरह से प्रभावित न किया जा सके। उपचुनाव का प्रभाव केवल नगरीय निकाय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अन्य हिस्सों में भी प्रशासनिक हलचल बढ़ गई है। पूरा प्रशासनिक अमला अब चुनाव ड्यूटी और निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं में व्यस्त हो गया है। सुशासन शिविरों के अचानक स्थगित होने से उन ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों को अब थोड़ा और इंतजार करना होगा, जो अपनी मांगों और लंबित शिकायतों के समाधान की उम्मीद में इन शिविरों की राह देख रहे थे। इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने और आचार संहिता हटने के बाद शासन के निर्देशों के अनुरूप शिविरों की नई तिथियां तय की जाएंगी।

# महाराष्ट्र सीमा से लगे गांव में योजनाओं की पहुंच, महिला ने जताया सीएम का आभार

**कांकेर।** जिले के सभी विकासखंडों में सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। दूरस्थ और सीमावर्ती गांवों में भी ग्रामीणों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। महाराष्ट्र सीमा से लगे कोयलीबेड़ा विकासखंड के अंतिम ग्राम पंचायत ओरछागांव के आश्रित ग्राम पीव्ही 109 की निवासी लोलीता बढ़ाई भी ऐसी ही हितग्राही हैं, जिन्हें महतारी वंदन योजना से नियमित रूप से राशि प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग वे अपने बच्चों की पढ़ाई और जरूरी खर्चों में करती हैं, जिससे परिवार को काफी सहारा मिला है। श्रीमती बढ़ाई ने बताया कि उनका परिवार खेती-किसानी पर निर्भर है और इसी से परिवार का जीवनयापन चलता है। पहले घर के खर्च और बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंता बनी रहती थी, लेकिन अब महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता से उन्हें राहत मिली है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएं अब गांव के अंतिम छोर तक पहुंच रही हैं, जिससे ग्रामीणों में विश्वास और खुशी का माहौल है। लाभान्वित होने वाली महिला ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं और बच्चों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है।



## विकसित कृषि संकल्प अभियान से मिल रहा लाभ

# उन्नत खेती से सशक्त हो रहे उत्तर बस्तर के अन्नदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से राज्य सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान का प्रभावशाली संचालन किया जा रहा है। यह अभियान 5 मई से प्रारंभ होकर 20 मई तक चलेगा, जिसमें जिले के सभी सातों विकासखण्डों में कृषि क्रांति की नई अलख जगाई जा रही है। इस अभियान के लिए जिले के कुल 168 ग्रामों का चयन किया गया है, जहाँ एक दिवसीय भव्य कृषक सम्मेलनों का आयोजन कर किसानों को सीधे शासन की योजनाओं और तकनीकी नवाचारों से लाभान्वित किया जा रहा है।



अभियान की सबसे बड़ी विशेषता कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच का सीधा संवाद है। कृषि एवं समवर्ती विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक गांव-गांव पहुँचकर किसानों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। इन सम्मेलनों में किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों, कुशल फसल प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वैज्ञानिकों द्वारा विशेष रूप से बीज उपचार की महत्ता और प्राकृतिक खेती के फायदों पर जोर दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों जैसे नील-हरित शैवाल कल्चर और हरी खाद के उत्पादन एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

### उत्पादन और उत्पादकता में होगी वृद्धि

इस महत्वाकांक्षी अभियान का मुख्य लक्ष्य कृषि उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करना है। खेती की बढ़ती लागत को कम करने के लिए किसानों को सरकारी योजनाओं के अनुदान और सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। बेहतर तकनीकी ज्ञान और सरकारी सहयोग मिलने से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन सकेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान आज कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाकर ग्रामीण अंचलों के विकास और कृषकों की खुशहाली की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

